दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज तरारी और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री कुमार कल बेलागंज और इमामगंज में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। वहीं, महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, भाकपा – माले और विकासशील इंसान पार्टी के नेता लगातार चुनावी सभाएं कर रहे हैं। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होना है।

———————————————————————

भारत के मुख्य न्यायाधीश, डीवाई चंद्रचूड़, कल दस नवम्बर को आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ग्यारह नवम्बर को भारत के इक्यावनवें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाने जाने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के सम्मान में कल विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां, न्यायामूर्ति संजीव खन्ना, न्यायिक सेवा से जुड़े विद्वानों, वरिष्ठ वकीलों और अन्य गणमान्य लोगों ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों में उनके योगदान की सराहना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के कुछ ऐतिहासिक फैसलों में अयोध्या भूमि विवाद, सहमति से समलैंगिक यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और अविवाहित महिलाओं के लिए गर्भपात का अधिकार जैसे फैसले शामिल हैं।

———————————————————————

राज्य में छब्बीस नवम्बर को होने वाले पहले चरण के पैक्स चुनाव के लिए ग्यारह से तेरह नवम्बर तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। नामांकन पत्रों की जांच चौदह से सोलह नवम्बर तक होगी। उन्नीस नवम्बर को नाम वापस लिये जा

सकते है। छब्बीस नवम्बर को मतदान होगा। संबंधित जिलाधिकारियों के निर्णय के अनुसार छब्बीस या सत्ताईस नवम्बर को मतगणना होगी। वहीं, सत्ताईस नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन का कार्य तेरह से सोलह नवम्बर तक होगा।

———————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंशधारकों को अगले वर्ष जनवरी महीने से देश के किसी भी हिस्से में ईपीएफ पेंशन लेने की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि इस संबंध में नई केंद्रीयकृत पेंशन भुगतान प्रणाली का प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है।

———————————————————————

आज देश भर में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। लोगों में कानूनी जागरूकता लाने और सभी नागरिकों, विशेषकर हाशिये पर रह रहे समुदायों के लोगों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। वंचित और हाशिये पर रह रहे लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आठ नवम्बर उन्नीस सौ पंचानवे को विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम बनाया गया था। इस ऐतिहासिक कानून के परिणामस्वरूप उसी वर्ष पांच दिसम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई, तब से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। इधर, प्रदेश में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक घर में हुई चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए चोरी के चार लाख सड़सठ हजार रुपए के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी के अन्य सामान के साथ चोर गिरोह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीस हजार के इनामी अपराधी विनय सहनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विनय सहनी पर जिले के रामगढ़वा थाने में कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा में एक व्यवसायी से पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।